जालोर में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

जालोर| श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। प्राचार्य डॉ. एमएल जांगिड़ ने कहा कि इस भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए परिंडे लगाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया एवं सभी को अपने घरों में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने के लिए प्र रित किया ताकि गर्मी से इन पक्षियों का बचाव हो सके। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. पीपाराम ने नियमित रूप से पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था की एवं इस पुण्य कार्य के लिए सहयोग की अपील की। इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. वगताराम चौधरी, दिनेश कुमार, शंकर लाल माली, मुकेश कुमार, रतन लाल, बुद्ध सिंह, सुरेश कुमार, सरोज राजपुरोहित, कविता सोलंकी एवं छात्राएं उपस्थित रही।

जालोर भास्कर - 25.05.2023

छोटी खबरें बड़ी खबरें

परिंडे देंगे परिंदों को राहत

जालोर. राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर में विश्व पर्यावरण दिवस के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए।

प्राचार्य डॉ. एम. एल. जांगिड़ ने कहा कि इस भीषण गर्मी में पक्षिओं के लिए परिंडे लगाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की समुचित व्यवस्था के लिए महाविद्यालय में अलग अलग जगह पर परिंडे लगाए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. पीपाराम ने नियमित रूप से पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था की एवं इस पुण्य कार्य के लिए सहयोग की अपील की। इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. वगताराम चौधरी, दिनेश कुमार, शंकर लाल माली, मुकेश कुमार, रतन लाल, बुद्ध सिंह, श्री सुरेश कुमार, सरोज राजपुरोहित, कविता सोलंकी एवं छात्राएं उपस्थित रही।

जालोर - पत्रिका

25-05-2023